# विज्ञान

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 5)(जीवन की मौलिक इकाई)

(कक्षा – 9)

## पेज 68

**प्रश्न 1:**

$CO_2$ तथा पानी जैसे पदार्थ कोशिका से कैसे अंदर तथा बहार जाते हैं? इस पर चर्चा करें।

**उत्तर 1:**

$CO_2$ तथा पानी जैसे पदार्थ सामान्यतः विसरण द्वारा प्रकार कोशिका झिल्ली से अंदर बाहर आते जाते रहते है। जैसे: जब $CO_2$ की सांद्रता कोशिका के अंदर बढ़ जाती है तो बाह्य पर्यावरण में $CO_2$ की सांद्रता कोशिका में स्थित $CO_2$ की सांद्रता की अपेक्षा कम होती है। उसी समय उच्च सांद्रता से निम्न सांद्रता की ओर विसरण द्वारा $CO_2$ कोशिका से बाहर निकल जाती है। इसी प्रकार जब कोशिका में ऑक्सीजन की सांद्रता कम हो जाती है तो बाहर से $O_2$ कोशिका में विसरण द्वारा अंदर चली जाती है।

**प्रश्न 2:**

प्लैज़्मा झिल्ली को वर्णात्मक पारगम्य झिल्ली क्यों कहते हैं?

**उत्तर 2:**

प्लैज़्मा झिल्ली का एक विशिष्ट गुण होता है जिसके कारण वह कुछ चुने हुए पदार्थ को कोशिका के अंदर बाहर आने जाने देती है। इस तरह प्लाज्मा अवांछित पदार्थ को रोक देती है, इसीलिए इसे वर्णात्मक पारगम्य झिल्ली कहते हैं।

TIWARI ACADEMY